Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding bad condition of Railway line in Nagar, Shahjahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): माननीय सभापति महोदया, मैं सबसे पहले प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करता हूँ कि हमारे लोक सभा स्पीकर आदरणीय ओम बिरला जी को जल्दी स्वस्थ करें ।

महोदया, मैं आपका ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र जनपद शाहजहाँपुर की ओर दिलाना चाहता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहाँपुर में नगर विधान सभा आती है । वहाँ पर रेल लाइन लगभग 40 वर्षों से जर्जर पड़ी है । उस पर अवैध कब्जा हो रहा है । माननीय रेल मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि नगर निगम को अनुमति दी जाए ताकि वह भारी जाम से मुक्त हो सके और वहाँ का आवागमन सुचारू रूप से चल सके ।